सोसायटी
SOCIETY
02
पत्रिका
रीवा, बुधवार, 02 अप्रेल, 2025

# अभिषेक का लेफ्टिनेंट पद पर चयन

रीवा @पत्रिका. जिले के होनहार युवा अभिषेक तिवारी ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा में देशभर में 13वां



स्थान प्राप्त कर भारतीय सैन्य अकादमी में चयनित होने का गौरव हासिल किया है। अब उनकी ट्रेनिंग देहरादून उत्तराखंड में होगी, जिसके उपरांत वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। सेमरिया के ग्राम कदौहा निवासी अभिषेक तिवारी का परिवार समाजसेवा और आध्यात्मिक गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। उनके पिता ऋषिकेश तिवारी अखिल विश्व गायत्री परिवार तहसील इकाई हुजूर के तहसील समन्वयक हैं। अभिषेक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल रीवा से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने अरविंद महाविद्यालय दिल्ली से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आत्म विश्वास और सतत मेहनत से सफलता जरूर मिलती है।

पत्रिका
रीवा, बुधवार, 02 अप्रेल 2025

# सैनिक स्कूल पहुंची आर्मी ऑर्डनेंस कॉर्प्स बाइक रैली

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रीवा. सैनिक स्कूल रीवा में आर्मी ऑर्डनेन्स कॉर्प्स की मोटरसाइकिल रैली का आगमन हुआ। यह रैली आर्मी ऑर्डनेन्स कॉर्प्स के गौरवशाली 250 वर्षों की उपलब्धि के उपलक्ष्य में शुरू की गई है। रैली का नेतृत्व मेजर शबीब कर रहे हैं, और यह रैली गुवाहाटी से दिल्ली तक 2200 किलोमीटर का सफर तय करेगी।

इस अवसर पर विद्यालय के मानेकशा सभागार में एक विशेष सभा आयोजित की गई। सभा में कैडेट्स ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर मेजर शबीब का स्वागत किया। इसके बाद, रवि त्रिपाठी ने मोटरसाइकिल रैली से संबंधित जानकारी दी और बताया कि इस तरह की गतिविधियाँ लीडरशिप और टीम भावना के विकास में सहायक होती हैं। इस अवसर पर प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल, ले. कर्नल एपीएस भुल्लर, स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, डॉ. आरएस पाण्डे सहित शिक्षकगण और छात्र उपस्थित थे।

जागरण रीवा
रीवा, 02 अप्रैल 2025
www.dainikjagranmpcg.com

# सैनिक स्कूल में आर्मी ऑर्डिनेन्स कॉर्प्स की मोटरसाइकिल रैली का आगमन



रीवा। सैनिक स्कूल में आर्मी ऑर्डिनेन्स कॉर्प्स की मोटरसाइकिल रैली का आगमन हुआ। विदित हो कि आर्मी ऑर्डिनेन्स कॉर्प्स के गौरवशाली 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सवारों की एक समर्पित टीम ने एक प्रेरणादायक मोटरसाइकिल रैली शुरू की है, जिसका नेतृत्व मेजर शबीब कर रहे हैं। यह रैली गुवाहाटी से दिल्ली तक कुल 2200 किलोमीटर तक का सफर तय करेगी। इस अवसर पर 01 अप्रैल को प्रातः 8:30 बजे विद्यालय के मानेकशा सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कैडेट द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर मेजर शबीब का स्वागत किया गया। तत्पश्चात रवि त्रिपाठी ने मोटरसाइकिल रैली से सम्बंधित संक्षिप्त जानकारी से कैडेट्स को अवगत कराया। मेजर शबीब ने कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए उन्हें इस रैली के आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए रोमांचित किया। साथ ही कैडेट्स को बताया कि इस तरह की गतिविधियों से लीडरशिप व टीम भावना का विकास होता है। अंत में प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने मेजर शबीब को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया तथा उन्हें व उनके दल को आगे के रोमांचकारी सफर के लिए शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ। इस अवसर पर ले कर्नल ए पी एस भुल्लर प्रशासनिक अधिकारी, स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार, उप प्राचाय डॉ आर एस पाण्डेय, वरिष्ठ अध्यापक, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी व छात्र उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में नेहा रावल प्रथम महिला सैनिक स्कूल रीवा उपस्थित रहीं।

नवभारत 10
सतना, बुधवार, 2 अप्रैल, 2025

# सैनिक स्कूल रीवा में आर्मी ऑर्डनेन्स कॉर्प्स की मोटर साइकिल रैली का आगमन

नवभारत न्यूज

रीवा, 1 अप्रैल. सैनिक स्कूल रीवा में दिनांक 31 मार्च 2025 को सायं 7 बजे आर्मी ऑर्डनेन्स कॉर्प्स की मोटरसाइकिल रैली का आगमन हुआ।

विदित हो कि आर्मी ऑर्डनेन्स कॉर्प्स के गौरवशाली 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, सवारों की एक समर्पित टीम ने एक प्रेरणादायक मोटरसाइकिल रैली शुरू की है, जिसका नेतृत्व मेजर शबीब कर रहे हैं। यह रैली गुवाहाटी से दिल्ली तक कुल 2200 किलोमीटर तक का सफर तय करेगी। इस अवसर पर दिनांक 01 अप्रैल 2025 को प्रात: 8:30 बजे विद्यालय के मानेकशा सभागार में विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कैडेट द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर मेजर शबीब का स्वागत किया गया। तत्पश्चात श्री रवि त्रिपाठी नें मोटरसाइकिल रैली से सम्बंधित संक्षिप्त जानकारी से कैडेट्स को अवगत कराया।



मेजर शबीब नें कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए उन्हें इस रैली के आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए रोमांचित किया साथ ही कैडेट्स को बताया कि इस तरह की गतिविधियों से लीडरशिप व टीम भावना का विकास होता है। अंत में प्राचार्य , कर्नल अविनाश रावल नें मेजर शबीब को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित कियातथा उन्हें व उनके दल को आगे के रोमांचकारी सफर के लिए शुभकामनाएं दी। राष्ट्गान के साथ सभा का समापन हुआ।

नवभारत 10
सतना, गुरुवार, 03 अप्रैल, 2025

# दस दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**रीवा.** सैनिक स्कूल रीवा में एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-शौर्य संग्राम (बैटल ऑफ़ ब्रेवरी) का आयोजन 2 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सैनिक स्कूल रीवा के परेड ग्राउंड में हो रहा है. इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सैनिक स्कूल रीवा के 156 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं. इस शिविर के उद्घाटन समारोह में सैनिक स्कूल रीवा के प्राचार्य, कर्नल अविनाश रावल ने इस कैंप का उद्घाटन किया और बच्चों को आने वाले 10 दिनों की एनसीसी ट्रेनिंग के दौरान बड़े जोश, जज्बे और जुनून के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया. इसी उपलक्ष्य में इण्डेप कॉय एन सी सी, सैनिक स्कूल रीवा के कमान अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार ने कैंप में होने वाली गतिविधियों, मैप रीडिंग, फायरिंग, ड्रिल, क्रीड़ा, जमीनी कला एवं युद्ध कला आदि को अच्छे से सीखने पर बल दिया. कैंप में साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखने की हिदायत देते कैंप को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान कैंप में सभी ए एन ओ और पी आई स्टॉफ भी उपस्थित रहे.

दैनिक जागरण रीवा, 03 अप्रैल 2025
जागरण अर्थ

# सैनिक स्कूल में एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू



**जागरण, रीवा।** एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर–शौर्य संग्राम (बैटल ऑफ़ ब्रेवरी)का आयोजन 2 से11 अप्रैल तक सैनिक स्कूल के परेड ग्राउंड में हो रहा है। इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सैनिक स्कूल के 156 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। सैनिक स्कूल के प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने कैंप का उद्घाटन किया और कैडेट्र्स को आने वाले 10 दिनों की एनसीसी ट्रेनिंग के दौरान जोश,जज्बे और जुनून के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इण्डेप कॉय एनसीसी सैनिक स्कूल के कमान अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार ने कैंप में होने वाली गतिविधियों, मैप रीडिंग, फायरिंग, ड्रिल, क्रीड़ा ,जमीनी कला एवं युद्ध कला आदि को अच्छे से सीखने पर बल दिया। कैंप में साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखने की हिदायत देते कैंप को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कैंप में सभी एएनओ और पीआई स्टाफ भी उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण 05

रीवा 08 अप्रैल 2025
www.dainikjagranmpcg.com


# कैडेट्स को सैन्य अधिकारी के रूप में देश सेवा का दिलाया संकल्प



## सैनिक स्कूल में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का लेफ्टिनेंट जनरल ने किया मुआयना

जागरण, रीवा। सैनिक विद्यालय में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर गत 2 अप्रैल से जारी है। इस शिविर का निरीक्षण करने रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल वेद चतुर्वेदी पहुंचे। बताया गया कि वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सैनिक स्कूल के परेड ग्राउंड में गत 2 अप्रैल से चल रहा है। इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में इण्डेप कॉय एन.सी.सी, सैनिक स्कूल के 156 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। इस शिविर के दौरान कैडेट्स को विभिन्न प्रकार की सैन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जैसे शस्त्र कौशल, मानचित्र पाठन, शारिरिक प्रशिक्षण एवं युद्ध कला आदि का प्रशिक्षण कैडेट्स को दिया जा रहा है। इस शिविर का मुआयना करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल ने सैनिक स्कूल रीवा की तुलना गुरुकुल परंपरा से की तथा कैडेट्स को सैन्य अधिकारी के रुप में देश सेवा करने का संकल्प दिलाया। तदुपरान्त विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में संजय गांधी अस्पताल के डॉ सौरभ पटेल ने कैडेट्स को स्वास्थ्य और साफ-सफाई के महत्व के बारे में बताया। साथ ही, सर्पदंश, कटना-छिलना एवं घाव आदि के प्राथमिक उपचार के संबंध कैडेट्स को जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल, स्क्वाड्रन लीडर सी.एच. त्रिलोक कुमार, कमान अधिकारी इण्डेप कॉय एन.सी.सी. जेडी तथा सभी ए.एन.ओ. और पी आई स्टाफ के सदस्य एवं कैडेट्स उपस्थित रहे।

नवभारत 10
सतना, मंगलवार, 08 अप्रैल, 2025



## लेफ्टिनेंट जनरल ने किया कैडेटों का उत्साहवर्धन

**रीवा, 7 अप्रैल,** वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सैनिक स्कूल रीवा के परेड ग्राउंड में 02 अप्रेल 2025 से चल रहा है . इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में इण्डेप कॉय एन सी सी, सैनिक स्कूल रीवा के 156 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं . इस शिविर के दौरान कैडेटों को विभिन्न प्रकार की सैन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण जैसे शस्त्र कौशल, मानचित्र पाठन, शारिरिक प्रशिक्षण एवं युद्ध कला आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है . इस शिविर के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल वेद चतुर्वेदी (रिटायर्ड) ने सैनिक स्कूल रीवा की तूलना गुरुकुल परंपरा से की तथा कैडेटों को सैन्य अधिकारी के रुप में देश सेवा करने का संकल्प करवाया . तदुपरान्त विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में डॉ सौरभ पटेल, संजय गांधी अस्पताल ने कैडेटों को स्वास्थ्य और साफ - सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्राथमिक उपचार के संबंध में जैसे कि सर्प दंश,कटना -छिलना एवं घाव आदि के विषय में कैडेटों को अवगत कराया गया . इस दौरान कैंप में कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल रीवा, स्काड्रन लीडर सी एच त्रिलोक कुमार, कमान अधिकारी, इण्डेप कॉय एन सी सी (जे डी), सैनिक स्कूल रीवा तथा सभी ए एन ओ और पी आई स्टाफ भी उपस्थित रहे .

C M Y K

www.starsamachar.com
रीवा, मंगलवार, 8 अप्रैल 2025 स्टार समाचार

# एनसीसी कैडेटों को दिया जा रहा शस्त्र कौशल का प्रशिक्षण



स्टार समाचार | रीवा

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सैनिक स्कूल के परेड ग्राउंड में 2 अप्रैल से चल रहा है। इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में इण्डेप कॉय एनसीसी, सैनिक स्कूल रीवा के 156 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। शिविर के दौरान कैडेटों को विभिन्न प्रकार की सैन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण जैसे शस्त्र कौशल, मानचित्र पाठन, शारिरिक प्रशिक्षण एवं युद्ध कला आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस शिविर के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल वेद चतुर्वेदी (रिटायर्ड) ने सैनिक स्कूल की तुलना गुरुकुल परंपरा से की तथा कैडेटों को सैन्य अधिकारी के रूप में देश सेवा करने का संकल्प करवाया।

तदुपरान्त विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. सौरभ पटेल, संजय गांधी अस्पताल ने कैडेटों को स्वास्थ्य और साफ-सफाई के महत्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला तथा प्राथमिक उपचार के संबंध में जैसे कि सर्प दंश, कटना-छिलना एवं घाव आदि के विषय में कैडेटों को अवगत कराया गया। इस दौरान कैंप में कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल, स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, कमान अधिकारी, इण्डेप कॉय एनसीसी (जेडी), सैनिक स्कूल रीवा तथा सभी एएनओ और पीआई स्टाफ भी उपस्थित रहे।

# रीवा फ्रंट पेज

दैनिक भास्कर | सतना, मंगलवार 8 अप्रैल 2025


### रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल ने किया कैडेटों का उत्साहवर्धन

# गुरुकुल परंपरा का वाहक है रीवा का सैनिक स्कूल

भास्कर न्यूज़ रीवा| वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सैनिक स्कूल के परेड ग्राउंड में चल रहा है। इस शिविर में इंडेप कॉय एनसीसी सैनिक स्कूल के 156 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान कैडेटों को विभिन्न प्रकार की सैन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण जैसे शस्त्र कौशल, मानचित्र पाठन, शारीरिक प्रशिक्षण एवं युद्ध कला का कौशल सिखाया गया। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल वेद चतुर्वेदी (रिटायर्ड) ने सैनिक स्कूल की तुलना गुरुकुल परंपरा से की तथा कैडेटों से सैन्य अधिकारी के रूप में देश सेवा करने का संकल्प लिया।



### चिकित्सक ने दी फर्स्ट एड की जानकारी

विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में डॉ.सौरभ पटेल संजय गांधी अस्पताल ने कैडेटों को स्वास्थ्य और साफ-सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्राथमिक उपचार के संबंध में जैसे कि सर्प दंश, कटना, छिलना एवं घाव आदि पर प्रारंभिक उपचार की जानकारी दी गई। कैंप में कर्नल अविनाश रावल प्राचार्य सैनिक स्कूल, स्क्वाड्रन लीडर सीएच त्रिलोक कुमार, कमान अधिकारी, इंडेप कॉय एनसीसी (जेडी) सैनिक स्कूल रीवा तथा सभी एएनओ और पीआई स्टाफ भी उपस्थित रहे।